दैनिक भास्कर
महू भास्कर 19-08-2024

किसानों को जैविक खेती संबंधित जानकारी दी, उसका महत्व भी बताया

कजलाना | एक निजी कृषि संस्थान के छात्रों द्वारा इनफॉरमेशन कॉर्नर के माध्यम से विभिन्न विषयों पर किसानों को खेती संबंधित जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने किसानों को किस प्रकार से जैविक खेती की जाती है, मिट्टी परीक्षण, बीज उपचार सहित अन्य महत्वपूर्ण बातें बताईं। शनिवार को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग बीएससी एग्रीकल्चर के छात्रों द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों से मिलकर जैविक खाद का प्रयोग करने के बारे में बताया और उसके क्या-क्या लाभ होते इसकी जानकारी दी। छात्र आयुष पटेल, नितेश दांगी, ऋषिराज यादव, भानु प्रताप चौधरी, उज्जवल चौधरी, प्रत्युष पटेल, अश्विन ठाकुर, मुरली पाटीदार, देवांश वर्मा, शिवम यादव आदि ने जानकारी दी।

CITY PLUS

वैष्णव कृषि संस्थान बना रोल मॉडल

इंदौर। प्रक्षेत्र दिवस 2024 के अवसर पर श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के तत्वाधान में श्री वैष्णव कृषि संस्थान ने अपने अनुसंधान फार्म में अपनाई विभिन्न कृषि प्रौद्योगिकियों के साथ बीएससी ऑनर्स- कृषि के स्टूडेंट्स को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करने की गतिविधियों को प्रदर्शित किया। इसमें स्टूडेंट्स वालेंटियर और संबंधित संकाय सदस्यों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के विभिन्न मॉड्यूल के बारे में जानकारी दी। कुलपति डॉ. उपिंदर धर ने कहा कि स्टूडेंट्स के साथ किसानों के लिए भी उपरोक्त सभी अनुसंधान उपयोगी होंगे। इस मौके पर डीन कृषि संकाय डॉ. केएन गुरुप्रसाद, समन्वयक प्रोफेसर विनोद धर प्रमुख, रजिस्ट्रार डॉ. अरविंद सिंह, एचओडी प्लांट संरक्षण डॉ. युवराज शिंदे, इवेंट को-ऑर्डिनेटर डॉ. जगदीश पाटीदार भी मौजूद थे। कार्यक्रम का प्रबंधन समन्वयक डॉ. जगदीश पाटीदार, सह-समन्वयक डॉ. युवराज शिंदे ने किया।

कीटनाशक छिड़कते समय रखें सावधानी

उज्जैन. किसानों ने बोवनी कर रखी है। आगामी समय में जब बीज अंकुरित होकर पौधा बनेंगे तब किसान कीटनाशक का छिड़काव करता है। उस दौरान किस प्रकार की सावधानी रखना है विद्यार्थियों ने किसानों को जानकारी दी। सोमवार को श्री वैष्णव कृषि संस्थान इंदौर ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम में एक दर्जन विद्यार्थी ग्राम दर्जी कराडिया सांवेर पहुंचे। कीटनाशकों की अत्यधिक मात्रा इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। छिड़काव के दौरान खाना, पीना, धूम्रपान नहीं करें। विद्यार्थी चर्चित वर्मा, अनमोल नैनवाल, कुलदीप सिंह, अतुल गोस्वामी, अंशु धाकड़, मोहित पटेल, कृष्णा वाघ देवेंद्र चिल्हाटे, उमा सेकवाड़िया, छवि ठाकुर, आयुषी मिश्रा चंदेल, प्रीति मौजूद थे।

किसानों को छात्रों ने बीज उपचार करके उसके फायदे बताएं

संयुक्त लहर ● प्रतिनिधि

टोंकखुर्द, वैशणव विद्यापीठ विद्यालय इंदौर व वैष्णव कृषि संस्थान इंदौर द्वारा ग्रामीण कृषि कायार्नुभाव कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को छात्र कुलदीप सिंह,अतुल गोस्वामी, अंशु धाकड़,मोहित पटेल,अनमोल नैनवाल,कृष्णा वाघ,देवेंद्र चिल्लाते, चर्चित वर्मा,उमा सेकवाडिया,छवि ठाकुर,आयुषी मिश्रा,चंदेल प्रीति ने बीज उपचार करके उसके फायदे बताएं बीज उपचार व्यापक रूप से जैविक भौतिक और रासायनिक एजेंट और तकनीक का बीजों पर अनुप्रयोग है जो बीजों और पौधों को सुरक्षा प्रदान करते हैं और स्वस्थ फसलों की स्थापना में सुधार करते हैं

ग्राम भास्कर : वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान के तत्वधान में ग्राम तराना में पौधारोपण संपन्न हुआ।

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम तराना तहसील सांवेर के शासकीय स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र जीवन सिंह,धर्मराज यादव,सूरज जाट,रोहित लववंशी,शिवम पटेल, शुभम पाटील,दिव्यांशु राउत व ग्राम के सचिव पटेल व शासकीय विद्यालय के अध्यापक की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

रक्तदान शिविर का आयोजन

संयुक्त लहर ● प्रतिनिधि

टोंकखुर्द. वैष्णव विद्यापीठ विश्व विद्यालय एवं इन्दौर श्री वैष्णव कृषि संस्थान,इन्दौर ग्रामीण कृषि कायार्नुभव कार्यक्रम के अंतर्गत गांव दर्जी कराडिया में रक्त रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 17 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया मौजूद विद्यार्थियों और किसान साथियों ने रक्तदान किया जिसमें कुलदीप सिंह चौधरी,अतुल गोस्वामी,अंशु धाकड़,मोहित पटेल, अनमोल नैनवाल,कृष्णा वाघ,देवेन्द्र चिल्हाटे,चर्चित वर्मा,उमा सेकवाड़िया,छवि ठाकुर आयुषी मिश्रा,चंदेल प्रीति सहित विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा.